Publication: DainikJagran
Date: 22/08/2015
Edition: Jamshedpur
Page No: 3
Headline: RajendraVidyalaya wins IT Wiz Competition

राजेन्द्र विद्यालय ने जीती आइटी विज प्रतियोगिता

जमशेदपुर : राजेन्द्र विद्यालय के बच्चों ने अपने ज्ञान और कौशल के बल पर कोलकाता में आयोजित इंटर स्कूल क्विज प्रतियोगिता (आईटी विज) को जीत लिया है। रीजनल स्तर की इस प्रतियोगिता का आयोजन प्रतिष्ठित आइटी कंपनी 'टाटा कंसलटेंसी सर्विसेस' ने किया था। 5 राउंड तक चली फाइनल प्रतियोगिता में राजेन्द्र विद्यालय के अदनान अजमत व शदन कलाम ने जीत दर्ज की। राजेन्द्र विद्यालय स्कूल की यह जोड़ी अब मुंबई में होने वाली राष्ट्रीय प्रतियोगिता में जमशेदपुर का प्रतिनिधित्व करेगी।